# GST और कम होगा, चिप से शिप तक यहीं बनाएंगे: मोदी

## ग्रेटर नोएडा में यूपी इंटरनैशनल ट्रेड शो की शुरुआत की

■ **NBT रिपोर्ट, ग्रेटर नोएडा**

पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि एक दिन पुर्जे-पुर्जे पर मेड इन इंडिया की छाप होगी। चिप से लेकर शिप तक हम भारत में ही बनाएंगे। अब ज्यादा से ज्यादा स्वदेशी अपनाने की आदत डालनी है। वैश्विक स्तर पर कई अनिश्चितताओं के बावजूद भारत मजबूती से खड़ा है। भारत को अब किसी पर भी निर्भर रहना मंजूर नहीं है। इंडिया एक्सपो मार्ट में यूपी इंटरनैशनल ट्रेड शो का उद्घाटन कर पीएम ने कहा कि GST रिफॉर्म में जो निर्णय लिए गए हैं, उसके तहत जरूरत की अधिकतर चीजों पर सिर्फ 5% टैक्स रह गया है। इससे देश के लोगों को करीब ढाई लाख करोड़ रुपये की बचत होगी। जैसे-जैसे अर्थव्यवस्था मजबूत होगी, टैक्स का बोझ कम होता जाएगा।

पीएम ने कहा कि मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग में भारत विश्व में दूसरे स्थान पर है। देश में जितने मोबाइल बनते हैं, उसमें 55% हिस्सेदारी यूपी की है। सेमीकंडक्टर क्षेत्र में भी यूपी अहम भूमिका निभाने जा रहा है। यूपी सबसे ज्यादा एक्सप्रेस-वे वाला राज्य बन चुका है। सबसे ज्यादा इंटरनैशनल एयरपोर्ट भी यहीं हैं। पीएम ने निवेशकों से आह्वान किया कि यूपी में निवेश कीजिए, मैन्युफैक्चर कीजिए। यहां MSME का मजबूत नेटवर्क है। मदद के लिए यूपी और केंद्र सरकार आपके साथ है। पीएम ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उनके दिखाए अंत्योदय मार्ग से संबोधन की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि अंत्योदय का अर्थ है सबसे निचले पायदान पर खड़े व्यक्ति का उत्थान। सबसे गरीब व्यक्ति तक विकास पहुंचना ही देश का असली विकास है।



यूपी इंटरनैशनल ट्रेड शो में पीएम मोदी के साथ सीएम योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे।

> देश आज गर्व के साथ GST उत्सव मना रहा है। हम यही नहीं रुकने वाले। GST रिफॉर्म का सिलसिला निरंतर चलता रहेगा।
>
> – नरेंद्र मोदी, PM

## 'यूपी में निवेश की असाधारण संभावना'

पीएम ने कहा कि इस व्यापार मेले का कंट्री पार्टनर रूस है। भारत और रूस का संबंध आने वाले दिनों में और मजबूत होगा। यूपी निवेश की असाधारण संभावनाओं से भरा हुआ है। राज्य में रूस के सहयोग से स्थापित एक कारखाने में जल्द एके-203 राइफल का उत्पादन शुरू होगा। उन्होंने निवेशकों से कहा कि भारत और विशेष रूप से यूपी में निवेश करना उनके लिए 'विन-विन सिचुएशन' है।



## ब्रैंड यूपी का उत्सव है ट्रेड शो : योगी

सीएम योगी आदित्यनाथ ने ट्रेड शो को ब्रैंड यूपी का उत्सव बताया। उन्होंने कहा कि 80 देशों के बायर्स इसमें शामिल हो रहे हैं और प्रदेश के सभी 75 जनपदों से 2,250 से अधिक एग्जिबिटर्स अपने उत्पाद लेकर यहां आए हैं। युवाओं और लोगों के लिए चलाई जा रही योजनाएं यूपी के विकास में बैक बोन का काम कर रही हैं। इस साल हम 75 नए उत्पादों को GI टैग दिलवाने के लिए आवेदन करने जा रहे हैं। योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री के माध्यम से यूपी में 40 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों की शुरुआत की गई थी। इनमें से करीब 12 लाख करोड़ के प्रस्ताव जमीन पर उतर चुके हैं। नवंबर में होने वाली ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में 5 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव मूर्त रूप लेंगे।

निर्यात को मिलेगी रफ्तार ▸▸पेज 2